# छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल

Choti Choti Gaiya Chote Chote Gwal • भजन • देवनागरी

छोटी छोटी गैया, छोटे छोटे ग्वाल।
छोटो सो मेरो मदन गोपाल॥

आगे आगे गैया, पीछे पीछे ग्वाल।
बीच में मेरो मदन गोपाल॥

छोटी छोटी गैया, छोटे छोटे ग्वाल।
छोटो सो मेरो मदन गोपाल॥

कारी कारी गैया, गोरे गोरे ग्वाल।
श्याम वरण मेरो मदन गोपाल॥

छोटी छोटी गैया, छोटे छोटे ग्वाल।
छोटो सो मेरो मदन गोपाल॥

घास खाए गैया, दूध पीवे ग्वाल।
माखन खावे मेरो मदन गोपाल॥

छोटी छोटी गैया, छोटे छोटे ग्वाल।
छोटो सो मेरो मदन गोपाल॥

छोटी छोटी लकुटी, छोटे छोटे हाथ।
बंसी बजावे मेरो मदन गोपाल॥

छोटी छोटी गैया, छोटे छोटे ग्वाल।
छोटो सो मेरो मदन गोपाल॥

छोटी छोटी सखियाँ, मधुबन बाग।
रास रचावे मेरो मदन गोपाल॥

छोटी छोटी गैया, छोटे छोटे ग्वाल।
छोटो सो मेरो मदन गोपाल॥

---

रचना / पाठ-परंपरा: ब्रज का पारंपरिक बालकृष्ण भजन; लोकगायन में अंतरों के पाठांतर मिलते हैं।
पारंपरिक पाठ; वर्तनी और पाठांतर संभव हैं।